लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांकः BRLPS-LSBA/Proj/63/18/028 दिनांक 07/04/2018

प्रेषक,

बालामुरुगन डी., भा० प्र० से०,
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–मिशन निदेशक।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, भागलपुर।

विषयः 'सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह' कार्यक्रम अंतर्गत लाइव प्रसारण की व्यवस्था के संबंध में।

प्रसंगः प्रसार भारती, एफ नंबर– 55/4/2015/एनपी/पी–5 (पीटी. बी) दिनांक 04.04.2018।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि 'सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह' कार्यक्रम अंतर्गत 10 अप्रैल को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा मोतिहारी के गांधी मैदान में बीस हजार स्वच्छाग्रहियों को संबोधित किया जाना है।

प्रसंगाधीन पत्रानुसार 'सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह' कार्यक्रम के शपथ ग्रहण का सीधा प्रसारण भागलपुर से भी किये जाने का उल्लेख किया गया है। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शपथ कार्यकम के समानांतर ही 100 स्वच्छाग्रहियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराया जाना है। भागलपुर जिला मुख्यालय से लाइव प्रसारण दूरदर्शन बिहार द्वारा किया जाना है। उक्त कार्यकम के समन्वय और सुचारु प्रबंधन हेतु उपाध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति सह उप विकास आयुक्त को नोडल पदाधिकारी नामित किया जाना है।

अतः उक्त के आलोक में अनुरोध है कि कार्यक्रम स्थल का चयन एवं भागलपुर जाने वाली दूरदर्शन टीम को अपेक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। चयनित कार्यक्रम स्थल की सूचना ईमेल आई०डी० sciec.lsba@gmail.com पर 7 अप्रैल तक भेजेंगे। इस संबंध में किसी जानकारी के लिए सुमन लाल कर्ण 7983830114 से संपर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन

07/04/18

(बालामुरुगन डी.)

ज्ञापांकः BRLPS-LSBA/Proj/63/18/028 दिनांकः 07.04.18

प्रतिलिपि :–

1. उप विकास आयुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सह सदस्य, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. जिला समन्वयक, भागलपुर को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।